महत्वपूर्ण/विशेष ध्यानाकर्षण/ई-मेल

प्रेषक,

सचिव
प्राविधिक शिक्षा परिषद
उत्तर प्रदेश,लखनऊ ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र,
की संस्थाएं।

संख्या : प्राशिप/अनु03/2021/ 1355 लखनऊ : दिनांक 22.06.2021

विषयः– कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा, जुलाई 2021 में अध्ययनरत छात्रों की परीक्षाएं आनलाइन माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद के पत्रांक संख्या प्राशिप/अनु03/2021/1176 लखनऊ दिनांक 15-06-2021 एवं निदेशालय, कानपुर के पत्र संख्या 6453-56/ई-109-छै-13(बीटीई- ।।।) दिनांक 14 जून 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत करना है कि कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत परिषद द्वारा आयोजित आगामी सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा, जुलाई 2021 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु निम्न बिन्दुओं से अवगत होते हुए, छात्रों को भी अवगत कराने का कष्ट करें :

1 उक्त परीक्षा बहु-वैकल्पिक प्रश्न (Multiple Choice Questions) के आधार पर ऑन-लाइन मोड मे कराई जाएगी।

2 अंतिम सेमेस्टर/अंतिम वर्ष की परीक्षा हेतु बहुविकल्पीय प्रश्नों की संख्या 50 होगी, जिनकी समयावधि 90 मिनट होगी एवं अन्य सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा (प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष) हेतु दो प्रश्नपत्र होंगे जिसमें प्रत्येक विषयों के अलग-अलग सेक्शन होंगे एवं अलग-अलग सेक्शन में विषयों को रखा जाएगा एवं प्रत्येक प्रश्नपत्र में 50 प्रश्न होंगे।

3 समस्त अध्ययनरत छात्र/छात्रायें अपने घर, साइबर कैफे या अपने संस्थान में उपस्थित होकर Android मोबाइल/लैपटाप/कम्प्यूटर इत्यादि के माध्यम से ऑन-लाइन परीक्षा दे सकते है।

प्रस्तावित है कि उक्त ऑन-लाइन परीक्षा के सफल संचालन एवं छात्रों की सुविधा के दृष्टिगत सभी छात्रों का एक डेमो टेस्ट आयोजित कराया जायेगा, उक्त मॉक टेस्ट में छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म में भरे गये विषयों का सत्यापन, फोटो एवं नमूना एकत्रित करने का कार्य एवं छात्रों द्वारा परीक्षा में प्रयुक्त होने वाले App/Software से उनको अवगत/अभ्यस्थ करने का कार्य परिषद द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा, जिसकी विस्तृत सूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी। उक्त मॉक टेस्ट में सभी छात्रों को प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा, यदि उक्त मॉक टेस्ट में

किसी भी छात्र द्वारा प्रतिभाग नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में छात्र/छात्रा को यदि मुख्य परीक्षा में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है, तो छात्र/छात्रा स्वंय ही उत्तरदायी होगें।

उपरोक्त कार्य समयबद्ध, महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता का है। अतः इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें।

आप से अपेक्षा है कि अपनी संस्था में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को मॉक टेस्ट में आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देश देने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।

पृ0सं0–प्राशिप/अनु03 /2021/1356-60 **तद्दिनांक**–22.06.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2 निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3 निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को इस अनुरोध के साथ कि संस्थाओं को उपरोक्तानुसार त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु निदेशालय स्तर से निर्देशित करने की कृपा करें।
4 निदेशक, शोध विकास प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0 कानपुर।
5 संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय से कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।